10793360

Roll No. 

260137

हाईस्कूल परीक्षा / High School Examination

(मुख्य / Main) वर्ष / Year - 2026

SET / सेट

**D**

60/75

# हिन्दी

# HINDI

| Total Printed Pages : 8 | Total Questions : 23 | Time : 3 Hours | Maximum Marks : 75 |
|---|---|---|---|

www.rajeshsir.co.in

**निर्देश :**

(i) सभी प्रश्न हल करना अनिवार्य हैं।

(ii) प्रश्न क्रमांक **01 से 05** तक वस्तुनिष्ठ प्रश्न हैं। प्रत्येक उपप्रश्न के लिए **1-1 अंक** निर्धारित है। (कुल **30** अंक निर्धारित हैं।)

(iii) प्रश्न क्रमांक **06 से 17** तक अति लघु उत्तरीय प्रश्न हैं। प्रत्येक प्रश्न के लिए **दो–दो अंक** निर्धारित हैं। (शब्द सीमा लगभग **30** शब्द)

(iv) प्रश्न क्रमांक **18 से 20** तक लघु उत्तरीय प्रश्न हैं। प्रत्येक प्रश्न के लिए **तीन–तीन** अंक निर्धारित हैं। (शब्द सीमा लगभग **75** शब्द)

(v) प्रश्न क्रमांक **21 से 23** तक विश्लेषणात्मक प्रश्न हैं। प्रत्येक प्रश्न के लिए **चार–चार** अंक निर्धारित हैं। (शब्द सीमा लगभग **120** शब्द)

(vi) प्रश्न क्रमांक **6 से 23** तक सभी प्रश्नों में आंतरिक विकल्प दिए गए हैं।

(vii) प्रत्येक प्रश्न के सम्मुख उसके आवंटित अंक अंकित हैं।

1 रिक्त स्थानों में सही विकल्प का चयन कर लिखिए : 1×6=6

(i) सूर की भक्ति ________ भाव की है। (सखा भाव / दास भाव)

(ii) काव्य की शोभा बढ़ाने वाले धर्मों को ________ कहते हैं। (छंद / अलंकार)

(iii) नायक–नायिका के संयोग व वियोग का वर्णन ________ में होता है। (श्रृंगार रस / वीर रस)

(iv) 'एक कहानी यह भी' पाठ की लेखिका ________ हैं। (महादेवी वर्मा / मन्नू भंडारी)

(v) जब क्रिया का रूप कर्म के अनुसार बदलता है तो ________ वाच्य होता है। (कर्म / कर्तृ)

(vi) हिरोशिमा ________ में है। (अमरीका / जापान)

2 सत्य / असत्य लिखिए – 1×6=6

(i) जयशंकर प्रसाद को 'कामायनी' पर मंगला प्रसाद पारितोषिक दिया गया।

(ii) रामचरितमानस महाकाव्य है।

(iii) गद्य की सबसे लोकप्रिय विधा एकांकी है।

(iv) मानव संस्कृति एक अविभाज्य वस्तु है।

(v) शब्द शक्ति के पाँच प्रकार हैं।

(vi) सेवन सिस्टर्स वाटरफॉल असम में है।

3 सही जोड़ी का मिलान कर लिखिए : 1×6=6

| स्तम्भ (क) | स्तम्भ (ख) |
|---|---|
| (i) उत्साह | (क) अनेकार्थी शब्द |
| (ii) अर्द्धसममात्रिक छन्द | (ख) धर्म–चक्र |
| (iii) नेताजी का चश्मा | (ग) दोहा |
| (iv) एक से अधिक अर्थ देने वाले शब्द | (घ) द्विगु समास |
| (v) 'त्रिभुवन' में समास है | (ङ) सूर्यकांत त्रिपाठी 'निराला' |
| (vi) प्रेयर–व्हील | (च) देशभक्ति की भावना |

www.rajeshsir.co.in

**4** एक वाक्य में उत्तर लिखिए – **1×6=6**

(i) 'राम–लक्ष्मण–परशुराम संवाद' रामचरितमानस के किस कांड से लिया गया है?

(ii) संचारी–भावों की संख्या कितनी है?

(iii) लखनऊ का कौन–सा खीरा प्रसिद्ध है?

(iv) 'दूध का दूध पानी का पानी' मुहावरे का क्या अर्थ है?

(v) 'मैं क्यों लिखता हूँ' पाठ के लेखक का क्या नाम है?

(vi) 'माता का अँचल' पाठ में मकई के खेत में किनका झुण्ड चर रहा था?

**5** सही विकल्प का चयन कर लिखिए : **1×6=6**

(i) रीतिकाल के कवि हैं –

(अ) मीराबाई (ब) कबीर

(स) भूषण (द) जयशंकर प्रसाद

(ii) परशुराम को व्यंग्य भरे उत्तर दिए –

(अ) लक्ष्मण ने (ब) तुलसीदास ने

(स) राम ने (द) विश्वामित्र ने

(iii) 'सुदामाचरित' खण्डकाव्य के रचनाकार हैं –

(अ) सूर्यकांत त्रिपाठी 'निराला' (ब) नरोत्तमदास

(स) नागार्जुन (द) महादेवी वर्मा

(iv) बिस्मिल्ला खाँ प्रसिद्ध थे –

(अ) बाँसुरी वादन के लिए (ब) सितार वादन के लिए

(स) तबला वादन के लिए (द) शहनाई वादन के लिए

www.rajeshsir.co.in

(v) 'श्याम स्कूल जाता है।' यह वाक्य है –

(अ) साधारण वाक्य (ब) आज्ञावाचक वाक्य

(स) संयुक्त वाक्य (द) मिश्र वाक्य

(vi) बाबूजी सुबह–सुबह पाठ करते थे –

(अ) गीता का (ब) महाभारत का

(स) रामायण का (द) हनुमान–चालीसा का

6 कवि 'निराला' की आँख फागुन की सुंदरता से क्यों नहीं हट रही है? 2

अथवा

'फसल' कविता में फसल उपजाने के लिए आवश्यक तत्व कौन–कौन से हैं?

7 अन्योक्ति अलंकार की परिभाषा उदाहरण सहित लिखिए। 2

अथवा

महाकाव्य किसे कहते हैं? दो महाकाव्यों के नाम लिखिए।

8 करुण रस की परिभाषा उदाहरण सहित लिखिए। 2

अथवा

छन्द किसे कहते हैं? छन्द के मुख्य प्रकारों के नाम लिखिए।

9 गद्य की प्रमुख विधाओं के नाम लिखिए। 2

अथवा

रेखाचित्र किसे कहते हैं?

10 रामवृक्ष बेनीपुरी **अथवा** यतीन्द्र मिश्र का साहित्यिक परिचय निम्न बिंदुओं के आधार पर लिखिए – 2

(i) दो रचनाएँ (ii) भाषा–शैली

10793360 10793360 10793360 10793360 www.rajeshsir.co.in 260137

11 लेखक यशपाल को नवाब के किन हाव–भावों से महसूस हुआ कि वे उनसे बातचीत करने के लिए तनिक भी उत्सुक नहीं है? 2

अथवा

बिस्मिल्ला खाँ को शहनाई की मंगल ध्वनि का नायक क्यों कहा गया है?

12 नेताजी का चश्मा पाठ के आधार पर पानवाले का एक रेखाचित्र प्रस्तुत कर लिखिए। 2

अथवा

बाल–गोविन भगत अपनी किन विशेषताओं के कारण साधु कहलाते थे? लिखिए।

13 समास–विग्रह करके समास का नाम लिखिए: 2

(i) पंचवटी

(ii) नीलाम्बर

अथवा

निर्देशानुसार वाक्य परिवर्तन कीजिए:

(i) गीता आज स्कूल आएगी। (निषेधवाचक)

(ii) दीपक आगरा में रहता है। (प्रश्नवाचक)

14 बच्चे माता–पिता के प्रति अपने प्रेम को कैसे अभिव्यक्त करते हैं? अपने शब्दों में लिखिए। 2

अथवा

लेखक अज्ञेय ने अपने आपको हिरोशिमा के विस्फोट का भोक्ता कब और किस तरह महसूस किया?

15 रीतिकालीन दो कवियों के नाम व उनकी एक–एक रचना के साथ लिखिए। 2

अथवा

नई कविता की दो विशेषताएँ लिखिए।

16 तुलसीदास अथवा मंगलेश डबराल की काव्यगत विशेषताएँ निम्न बिंदुओं के आधार पर लिखिए – 2

(i) दो रचनाएँ (ii) भावपक्ष



www.rajeshsir.co.in 1079333360

**17** गोपियों के अनुसार राजा का धर्म क्या होना चाहिए? **2**

**अथवा**

अवधी भाषा आज किन–किन क्षेत्रों में बोली जाती है?

**18** निम्नलिखित काव्यांश का संदर्भ–प्रसंग सहित भावार्थ लिखिए – **3**

हरि हैं राजनीति पढ़ि आए।
समुझी बात कहत मधुकर के, समाचार सब पाए।
इक अति चतुर हुते पहिलैं ही, अब गुरु ग्रंथ पढ़ाए।
बढ़ी बुद्धि जानी जो उनकी, जोग–सँदेस पठाए।
ऊधौ भले लोग आगे के, पर हित डोलत धाए।

**अथवा**

तुम्हारी यह दंतुरित मुसकान
मृतक में भी डाल देगी जान
धूलि–धूसर तुम्हारे ये गात...
छोड़कर तालाब मेरी झोंपड़ी में खिल रहे जलजात
परस पाकर तुम्हारा ही प्राण

**19** निम्नलिखित गद्यांश की संदर्भ–प्रसंग सहित व्याख्या लिखिए : **3**

मूर्ति संगमरमर की थी। टोपी की नोक से कोट के दूसरे बटन तक कोई दो फुट ऊँची। जिसे कहते हैं बस्ट। और सुंदर थी। नेताजी सुन्दर लग रहे थे। कुछ–कुछ मासूम और कमसिन। फ़ौजी वर्दी में। मूर्ति को देखते ही 'दिल्ली चलो' और 'तुम मुझे खून दो...' वगैरह याद आने लगते थे। इस दृष्टि से यह सफल और सराहनीय प्रयास था।

**अथवा**

पिता के ठीक विपरीत थीं हमारी बेपढ़ी–लिखी माँ। धरती से कुछ ज्यादा ही धैर्य और सहनशक्ति थी शायद उनमें। पिताजी की हर ज़्यादती को अपना प्राप्य और बच्चों की हर उचित–अनुचित फ़रमाइश और ज़िद को अपना फ़र्ज़ समझकर बड़े सहज भाव से स्वीकार करती थीं वे। उन्होंने ज़िंदगी भर अपने लिए कुछ माँगा नहीं, चाहा नहीं... केवल दिया ही दिया।



www.rajeshsir.co.in

**20** पर्यावरण–सुरक्षा के संबंध में माँ–पुत्र के बीच संवाद लिखिए। **3**

**अथवा**

अनुशासन का महत्व विषय पर एक अनुच्छेद लिखिए।

**21** निम्नलिखित अपठित काव्यांश **अथवा** गद्यांश को पढ़कर दिये गये प्रश्नों के उत्तर लिखिए : **1+1+2=4**

प्रेम स्वर्ग है, स्वर्ग प्रेम अशंक अशोक
ईश्वर का प्रतिबिम्ब प्रेम है, प्रेम हृदय आलोक
जग की सब पीड़ाओं से है, होता हृदय अधीर
पर मीठी लगती है उर में, सत्य प्रेम की पीर
व्याकुल हुआ प्रेम पीड़ा से, जिसका कभी न प्राणः
भाग्यहीन उस निष्ठुर का है, उर सचमुच पाषाण

**प्रश्न :–**

(i) इस काव्यांश का उचित शीर्षक लिखिए।

(ii) व्यक्ति को प्रेम की पीड़ा कैसी लगती है?

(iii) उपर्युक्त काव्यांश का केन्द्रिय भाव लिखिए।

**अथवा**

क्षमा पृथ्वी का गुण–धर्म है। क्षमा वीरों का भूषण है। मनुष्य से स्वाभाविक रूप से अपराध होते रहते हैं, गलतियाँ होती रहती हैं। हमारी दृष्टि में कोई अपराधी है तो हम भी किसी की दृष्टि में अपराधी हैं। यहाँ निर्दोष कोई भी नहीं है। इसलिए परस्पर क्षमा–भावना की आवश्यकता है। क्षमा के अभाव में क्रोध, हिंसा, संघर्ष का साम्राज्य छा जायेगा, जिसे कोई भी स्वीकार नहीं करता। माता–पिता, गुरु सभी क्षमाशील होते हैं। मानव–जीवन में क्षमा के अवसर आते रहते हैं। क्षमा के अभाव में मानव–जीवन चलना दूभर हो जाता है।

**प्रश्न :–**

(i) उपर्युक्त गद्यांश का उपयुक्त शीर्षक लिखिए।

(ii) क्षमा के अभाव में किसका साम्राज्य छा जाता है?

(iii) उपर्युक्त गद्यांश का सारांश लिखिए।

www.rajeshsir.co.in
1079133360 1079133360 1079133360

22 अपने प्राचार्य को शाला छोड़ने हेतु स्थानान्तरण–प्रमाण पत्र प्राप्त करने के लिए आवेदन–पत्र लिखिए। 4

**अथवा**

जन्म–दिन के उपलक्ष्य में अपने मित्र को बधाई–पत्र लिखिए।

23 निम्नलिखित विषयों में से किसी एक विषय पर रूपरेखा सहित सारगर्भित निबंध लिखिए: 4

(i) विज्ञान के बढ़ते–चरण

(ii) समाचार–पत्रों का महत्व

(iii) वर्तमान समय में कम्प्यूटर की उपयोगिता

(iv) भारतीय समाज में नारी का स्थान

(v) पर्यावरण प्रदूषण : कारण एवं निदान

www.rajeshsir.co.in
107933360